www.samaylive.com
राष्ट्रीय सहारा
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण
...दून • वाराणसी से प्रकाशित
लखनऊ | बृहस्पतिवार • 21 मार्च • 2013

## लुधियाना की द्रीपिका व शिमला की श्यामलता को दोहरी कामयाबी

**सरोजनीनगर(एसएनबी)।** रायबरेली रोड स्थित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में चल रहे चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिला वर्ग में 200 मी. दौड़ सिफेट लुधियाना की दीपिका गोस्वामी, गोला फेंक सीपीआरआई शिमला की श्यामलता, ऊंचीकूद में सोलन की सुनीता ठाकुर, भाला फेंक में शिमला की श्यामलता व लुधियाना की दीपिका गोस्वामी ने स्वर्ण एवं रजत पदक और एनडीआरआई, करनाल की कमलेश ने अपने लिए कास्य पदक के लिए स्थान सुरक्षित की। पुरुष वर्ग में लम्बी कूद प्रतियोगिता में एनडीआरआई करनाल के वीरेन्द्र ने स्वर्ण तथा सीआईएसएच लखनऊ के डा. गुंडप्पा ने रजतपदक के लिए स्थान पक्का किया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. एके साह ने बताया कि बुधवार को हुए फुटबॉल मैच में एनडीआरआई करनाल की टीम ने एनबीएजीआर करनाल की टीम को हरा कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया।

हिन्दुस्तान 18
लखनऊ • बुधवार • 21 मार्च 2013

## श्याम लता को दोहरी स्वर्णिम सफलता

**भारतीय** गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊमें चल रहे चार दिवसीय खेलकूद के दूसरे दिन बुधवार को सीपीआरआई शिमला की श्याम लता ने दोहरी स्वर्णिम सफलता हासिल की। उन्होंने शाटपट और जैवलिन थ्रो की स्पर्धा में पहला स्थान हासिल किया। लखनऊ की विशा व गुंडप्पा ने रजत और विंध्या महिंद्रा ने कांस्य पदक जीते। फुटबाल में करनाल की टीम ने सेमीफाइनल में जगह बनाई।

लखनऊ, 21 मार्च 2013 दैनिक जागरण

# दीपिका गोस्वामी को दो सौ मी. दौड़ में स्वर्ण



भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में चल रहे खेलों में गोला फेंकती प्रतिभागी

## महिलाओं का दबदबा

- भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में चल रहे चार दिवसीय खेल

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में चल रहे चार दिवसीय खेलों के दूसरे दिन महिलाओं ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। 200 मी. दौड़ में सिफेट लुधियाना की दीपिका गोस्वामी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। अल्मोड़ा की मनीषा दूसरे और करनाल की चंचल तीसरे स्थान पर रहीं। गोला फेंक में सीपीआरआई शिमला की श्याम लता ने स्वर्ण पदक जीता। सोलन की सुनीता ठाकुर दूसरे व लखनऊ की विंध्या महिंद्रा तीसरे नंबर पर रही। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की महिला वैज्ञानिक डा.विशा कुमारी ने ऊंची कूद में रजत पदक जीता। सोलन की सुनीता ठाकुर ने स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। पुरुष वर्ग में लांग जंप में एनडीआरआइ करनाल के वीरेंद्र ने स्वर्ण पदक जीता। लखनऊ के डा.गुडंप्पा ने रजत जीता। फुटबॉल मैच में एनडीआरआइ करनाल की टीम ने एनबीएजीआर करनाल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

कैनविज टाइम्स
गुरुवार, 21 मार्च, 2013
15

खेल

# दीपिका गोस्वामी सबसे तेज धाविका

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ । भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में चल रही चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन अलग-अलग खेलों में महिलाओं ने दमदार प्रदर्शन किया। 200 मीटर दौड़ के महिला वर्ग में सिफेट लुधियाना की दीपिका गोस्वामी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने संस्थान का झंडा बुलंद कर दिया। दूसरी ओर अल्मोड़ा की मनीषा तथा करनाल की चंचल रानी को क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान से संतोष करना पड़ा।

गोला फेंक प्रतियोगिता में महिलाओं ने पूरे दम-खम के साथ हिस्सा लिया। सीपीआरआई, शिमला की श्यामलता 7.31 मीटर तक गोला फेंककर प्रथम स्थान हासिल किया। सोलन की सुनीता ठाकुर व लखनऊ की विन्धया महिंद्रा क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ की महिला वैज्ञानिक वी. विशा कुमारी महिला वर्ग की ऊंची कूद प्रतियोगितामें 1.15 मीटर की छलांग लगाते हुए द्वितीय स्थानपर रही, 1.18 मीटर की ऊंची छलांग के साथ सोलन की सुनीता ठाकुर प्रथम स्थान पर रही। भाला फेंक प्रतियोगिता में भी महिलाओं ने पूरी जोश के साथ भाग लिया। शिमला की श्यामलता व लुधियाना की दीपिका गोस्वामी ने स्वर्ण और रजत पदक के लिए स्थान पक्का किए। इसी प्रतियोगिता में एनडीआरआई, करनाल की कमलेश ने अपने लिए कास्य पदक के लिए स्थान सुरक्षित की। पुरुष वर्ग के लम्बी छलांग प्रतियोगिता में एनडीआरआई, करनाल के वीरेंद्र ने स्वर्णतथा सीआईएसएच, लखनऊ के डॉ गुंडप्पा ने रजत पदक के लिए स्थान पक्का किया। फुटबॉल मैच का भी आयोजन हुआ जिसमें एनडीआरआई, करनाल की टीम एनबीएजीआर, करनाल की टीम को हराकर सेमी फाइनल में प्रवेश किया।

the pioneer
LUCKNOW | THURSDAY | MARCH 21, 2013

## IISR SPORTS MEET

Women participated with full enthusiasm and stamina on second day of 4 days long ICAR Sports meets being organized at Indian Institute of Sugarcane Research, Lucknow to re-affirm the message that women are equally competent in games/sports also.

## DEEPIKA BAGS GOLD

Deepika Goswami of CIPHET, Ludhiana won the gold medal in the 200m on the second day of IISR sports meet on Wednesday. Manisha and Chanchal Rani bagged silver and bronze medals respectively. In the shot-put event, Shyam Lata from CPRI, Shimla secured gold while Sunita Thakur of DMR, Solan finished second. Vindhya Mahindra claimed the third spot.

**Other results:**
**High jump:** 1-Sunita Thakur (Solan), 2-V Visha Kumari (IISR), **Javelin throw:** 1-Shyam Lata (Shimla), 2-Deepika Goswami (Ludhiana), 3-Kamlesh (Karnal), **Long jump (Men):** 1-Virendra (Karnal), 2-Dr Gundappa (Lucknow), 3-Sushil Kumar (Karnal)

14 डेली न्यूज़ एक्टिविस्ट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

स्पोर्ट्स

लखनऊ, गुरुवार 21 मार्च 2013

## प्रतियोगिता का दूसरा दिन महिलाओं के नाम रहा

**लखनऊ।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में चल रही उत्तरी क्षेत्रीय गन्ना संस्थानिक खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन महिलाओं ने अपनी श्रेष्ठता साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 200 मी. महिला दौड़ में सिफेट, लुधियाना की दीपिका गोस्वामी प्रथम, अल्मोड़ा की मनीषा द्वितीय तथा करनाल की चंचल रानी तीसरे स्थान पर रहीं। महिला गोला फेंक में सीपीआरआई, शिमला की श्यामलता (7.31 मी.थ्रो) पहले, सोलन की सुनीता ठाकुर दूसरे व लखनऊ की विन्धया महिंद्रा तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ की महिला वैज्ञानिक वी.विशा कुमारी महिला ऊंची कूद में 1.15 मी. की छलांग लगाते हुए दूसरे स्थान पर रही। वहीं 1.18 मी0 की छलांग के साथ सोलन की सुनीता ठाकुर पहले स्थान पर रही। महिला भाला फेंक में शिमला की श्यामलता व लुधियाना की दीपिका गोस्वामी ने स्वर्ण एवं रजत तथा एनडीआरआई, करनाल की कमलेश ने कांस्य पदक पक्का किया। पुरुष लंबी कूद में एनडीआरआई, करनाल के वीरेंद्र ने स्वर्ण व सीआईएसएच, लखनऊ के डा. गुंडप्पा ने रजत पदक जीता। फुटबॉल मैच में एनडीआरआई, करनाल ने एनबीएजीआर, करनाल को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 21 मार्च 2013 ( 14 )

# महिलाओं के नाम रहा खेल प्रतियोगिता का दूसरा दिन



**लखनऊ, संवाददाता।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ में चल रहे चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन अलग-अलग खेलों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। २०० मी० दौड़ के महिला वर्ग में सिफेट लुधियाना की दीपिका गोस्वामी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने संस्थान का नाम रोशन किया वहीं अल्मोड़ा की मनीषा तथा करनाल की चंचल रानी क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहीं। गोला फेंक प्रतियोगिता में महिलाओं ने पूरे दम-खम के साथ हिस्सा लिया जिसमें शिमला की श्यामलता ने ७.३१ मी० तक गोला फेंक कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सुनीता ठाकुर व लखनऊ की विन्धया महिंद्रा क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहीं।